पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने विदाई दी

लखनऊः 2 मई, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज अपने विशेष कार्याधिकारी श्री के0सी0 वर्मा को भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह में राज्यपाल ने श्री वर्मा को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और उपहार भेंट कर उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु होने की शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि श्री के0सी0 वर्मा राजभवन के वरिष्ठ अधिकारियों में से थे जिन्होंने वर्ष 1960 में अपनी सरकारी सेवा प्रारम्भ की थी। उनकी कार्यकुशलता एवं लम्बे अनुभव को देखते हुये उन्हें विशेष कार्याधिकारी के पद पर सेवानिवृत्ति के बाद भी रखा गया था। श्री वर्मा हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी में भी कार्य करने में पारंगत थे। उत्तराखण्ड राज्य बनने पर श्री के0सी0 वर्मा ने कुछ वर्षों तक राजभवन उत्तराखण्ड में भी अपनी सेवाएं दी।

राज्यपाल ने विदाई समारोह में श्री के0सी0 वर्मा की विद्वता, कर्तव्य परायणता, सादगी और सरलता के लिये भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी कम होते हैं जिन्हें काम करने में आनन्द आता हो और अपना काम पूरी सजगता और पारदर्शिता से करते हों।

अपर मुख्य सचिव श्री हेमन्त राव ने कहा कि श्री के0सी0 वर्मा की कार्यशैली से दूसरे अधिकारी प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि जिस शांत भाव से वे अपने दायित्व का निर्वहन करते थे वह प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय भी है।

इस अवसर पर श्री के0सी0 वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार रखे।

अंजुम/ललित/राजभवन (162/38)